**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2025 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 10 (क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य विधान परिषद एवं दिनेश चन्द्र शर्मा, अध्यक्ष उ0प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त हस्ताक्षर से दिनांक 01 सितम्बर, 2024 को मुख्य मंत्री को प्रेषित पत्र जो कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित प्राइमरी पाठशालाओं में दिनांक 01 अप्रैल, 2005 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को अन्य विभागों की अनुदानित शिक्षकों की भॉति पेंशन, पारिवारिक पेंशन की सुविधा प्रदान करने के संबंध में है, प्राप्त हुआ है ? | पत्र प्राप्त नहीं हुआ। इसे मा0 विधायक जी से संपर्क कर प्राप्त किया गया। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त पत्र में किन-किन बिन्दुओं का उल्लेख कर कार्यवाही की मॉग की गयी है ? | उक्त पत्र द्वारा शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों की भांति समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित प्राइमरी पाठशालाओं में 01.04.2005 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन, पारिवारिक पेंशन का लाभ प्रदान किये जाने की मांग की गयी है। |
| (ग) उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी है ? | निदेशक, समाज कल्याण की अध्यक्षता में इस संबंध में एक समिति गठित कर मामले का परीक्षण करवाया जा रहा है। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड़) उक्त कार्यवाही कब तक करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |

**असीम अरूण**
**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**